यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में हुई टीसीएस आईटी विज कॉम्पीटिशन

ज्ञान की परख में कभी उलझे तो कभी उभरे प्रतिभागी

इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर

ज्ञान की परख में कभी तकनीक के सवाल तो कभी विजुअल इफेक्ट के जरिए विज्ञान के जवाब, सैकड़ों प्रतिभागियों के बीच पहले लिखित परीक्षा का दौर और उसमें विजय रही 6 टीम को फाइनल राउंड में अपने ज्ञान, तकनीक और कौशल का प्रदर्शन करने का मौका। सवालों के जाल में फंसे प्रतिभागियों की दिमागी कसरत का खेल मंगलवार को यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में दिखा।

टीसीएस क्वीज कॉम्पीटिशन द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला इंटर स्कूल क्वीज कॉम्पीटिशन शहर के विद्यार्थियों के लिए भी अपनी क्षमताओं और ज्ञान का लोहा मनवाने का जरिया बना। 'टीसीएस आईटी विज' नाम से आयोजित इस स्पर्धा में सबसे पहले प्रतिभागियों को लिखित परीक्षा के दौर से गुजरना था। इसके बाद चुनी गई टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई। कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच हुई ज्ञान की परख में विभिन्न राउंड के बाद जीत का सेहरा कोटा के अनिमेष हर्ष और श्रेष्ठ पॉल के सिर बंधा। शहर के सेंटपॉल स्कूल के कार्तिक तिवारी और रूद्राक्ष त्रिपाठी रनरअप रहे। क्विज में ट्वीट के जरिए भी दर्शकों से सवाल-जवाब हुए। जिसमे सही जवाब देने वालों को भी पुरस्कृत किया गया। असल में इस क्विज के माध्यम से जहां प्रतिभागियों को तकनीक के क्षेत्र में दक्ष बनाना और दिलचस्पी जगाई जाती है वहीं देश, अर्थव्यव्सथा, व्यवसाय, नए ट्रैंड आदि की जानकारी देना भी होता है।

इन राउंड से हुई परख

क्वीज के अंतर्गत इस बार ऑटोमेटेशन, बेसिक नॉलेज, मशीन, विजुअलाइजेशन, टीसीएस तथा कुशलता के आधार पर परीक्षण किया गया। इसमें जहां टीसीएस पर आधारित राउंड सबसे सहज रहा वहीं कुशलता से जुड़े राउंड में गलत जवाब की नेगेटिव मार्किंग ने कभी आगे बढ़ती टीम को पीछे किया तो कभी पीछे चल रही टीम को भी आगे बढ़ने का मौका दिया। टीसीएस पर आधारित एक एक्सक्लूसिव राउंड भी रखा गया। इस दौरान सवालों के जवाब देते हुए तकनीकी को करीब से समझने का अवसर भी मिला।